# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने शिक्षकों को तिलक लगाकर श्रीफल, रुमाल और पेन भेंट किए

नवभारत न्यूज

**हरदा, 5 सितंबर. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया. एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा गायकवाड़ एवं डॉ. राहुल सराठे के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया.**

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई. प्रभारी प्राचार्य वीके विछोतिया ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहानी के माध्यम से बताया कि शिक्षक बनने से पहले विद्यार्थी जीवन की सीढ़ियों से गुजरना पड़ता है. उन्होंने कहा कि शिक्षक की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है. डॉ. देवेंद्र कुमार रोडगे ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला. बसंत सिंह राजपूत ने स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम के उत्साहपूर्वक संचालन की सराहना कर उनका मनोबल बढ़ाया. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवक अंकिता गायकवाड़ ने किया, जबकि आभार लेदाराम सोलंकी ने व्यक्त किया. इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर श्रीफल, रुमाल और पेन भेंट किए. स्वयंसेवक पलक चौहान, निशिका मीना, राधिका बघेल, तनीषा चौहान, प्रिया, निलेश, अभिषेक और आरती ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. महाविद्यालय स्टाफ सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे.

## बनखेड़ी में हुआ शिक्षकों का सम्मान




**बनखेड़ी.** ग्राम पीपरपानी में शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना की गई. समारोह में ग्राम पंचायत सरपंच सुशील कुमार शुक्ला, सचिव प्रियंक रघुवंशी, सहायक सचिव गजेंद्र साहू, अंकित राय, प्राचार्य चंद्रशेखर गढ़वाल सहित विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे. अतिथियों ने शिक्षकों का सम्मान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की दिशा भी प्रदान करते हैं. शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनते हैं. इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की.

# समस्याओं को लेकर आदिवासी धरने पर



नवभारत न्यूज

**माखन नगर, 5 सितंबर. विगत 2 सप्ताह से से सर्व आदिवासी समाज सैकड़ो की संख्या में तहसील के सामने अपनी समस्याओं के निराकरण धरने पर बैठे हैं अभी तक तहसीलदार के अलावा कोई सक्षम वरिष्ठ अधिकारी उनसे चर्चा के लिए उनके पास नहीं पहुंचा है.**

आदिवासी समाज के कृष्ण मस्कोले आशीष उईके ने बताया कि हमारी मांग है ग्राम खखरा पूरा , डांगपुरा कि जिस भूमि पर हम काबिज थे वहां प्रशासन ने अतिक्रमण बताकर अन्याय पूर्ण बेदखल कर दिया है हमें उसे जमीन के पट्टे दिए जाएं. ग्राम मुहासा में आदिवासियों की जमीन बाहर से आई हुई कंपनी छीनने में लगी हुई है उन्हें रोका जाए कार्रवाई की जाए. वन विभाग की बीट क्रमांक 193 रकबा 66 हेक्टेयर जमीन की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि देने की मांग की गई है विस्थापित ग्राम खामदा के चार हितग्राहियों को आवंटन की गई भूमि की प्रमाणित प्रति दी जाए कब किस विभाग ने आवंटित की है और वह किस विभाग के पास कैसे हस्तांतरित हुई. ग्राम धमासा के आदिवासी जिस जमीन पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं उन्हें पट्टे प्रदान किए जाएं ग्राम माना गांव बुधवाडा गुजर वाड़ा में पट्टे आदिवासियों के नाम है और जमीन पर गैर आदिवासी बाहुबली का कब्जा है अतिक्रमणकारियो को हटाकर पट्टे धारियो को जमीन दिलाई जाए धमासा एवं आदिवासी बहुल गांव मोहल्ले में सड़कों की बुरी हालत है सड़क निर्माण कराया जाए हम दो हफ्ते से ज्यादा गए हैं धरने पर बैठे हैं प्रशासन का हमारी समस्याओं के निराकरण के लिए पहल करता हुआ नजर नहीं आ रहा है.

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गुड्डन पांडे पहुंचे आदिवासियों से मिलनेजिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे ने पंडाल में आदिवासियों के बीच पहुंच कर वन विभाग के अधिकारियों को फोन लगाया लेकिन फोन पर बात नहीं हुई तब धरने पर बैठे आदिवासियों के पंडाल से ही कलेक्टर को फोन लगा कर बात की.



# जरायम पेशा कानून मुक्ति दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

- अखिल भारतीय पासी समाज का आयोजन
- डॉ. सीतासरन शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 5 सितंबर. अखिल भारतीय पासी समाज, जिला नर्मदापुरम के तत्वावधान में जरायम पेशा कानून मुक्ति दिवस, पासी आजादी पर्व एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 6 सितंबर को किया जाएगा.**

कार्यक्रम सुबह 11 बजे स्वयंवरम गार्डन, चक्कर रोड, मालाखेड़ी में आयोजित होगा. मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया करेंगी.

विशिष्ट अतिथियों में होशंगाबाद-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मिकी, अखिल भारतीय पासी समाज महिला इंदौर की अध्यक्ष रीना बौरासी, अखिल भारतीय पासी समाज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष गोविंद बाबरिया तथा उज्जैन के अनुविभागीय अधिकारी राजेश बौरासी शामिल होंगे.



# भक्तिभाव से मनाई जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**हरदा, 5 सितंबर. टिमरनी के बलवटे परिवार ने परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया. रामदरबार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भागवत कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और भजन संध्या ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया.**

भजन संध्या में भागवत कथाचार्य पंडित नारायण आचार्य कुड़ावा के सान्निध्य में भजन गायक जयसिंह और गोपाल सिंह ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी. तबले पर गोविंद गौर, वायलिन पर उमेश गंधर्व और बांसुरी पर सीताराम ने संगत देकर वातावरण को सुरमयी बना दिया. भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कृष्ण भक्ति में लीन नजर आए.

श्रीकृष्ण की लीलाओं का भजनों के माध्यम से वर्णन किया गया. बाल गोपाल ने मित्रों के साथ मटकी फोड़कर माखन सभी को बांटा. रंगशिला पूजन के बाद परिवार के प्रमुख रामकृष्ण बलवटे सहित परिवार के सदस्यों और बच्चों ने नृत्य किया.

# राधा-कृष्ण बनकर बच्चों ने मोहा मन




नवभारत न्यूज

**हरदा, 5 सितंबर. श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर शिवानुजा प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया. बच्चे आकर्षक परिधानों में सजकर स्कूल पहुंचे. परिसर में कान्हा की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई. इस दौरान 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और 'हाथी घोड़ा पालकी' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया.**

बच्चों ने राधा-कृष्ण की सजीव झांकी प्रस्तुत की. जन्मोत्सव की थीम पर विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं. संस्था की संचालक विभूति गौर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने तथा अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है. कार्यक्रम में कृष्ण एवं राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई. अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष योगमाया शर्मा और समाजसेवी श्वेता बांगर्ड ने बच्चों की प्रस्तुतियां देखीं और विजेताओं का चयन किया. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ग्रुप-1 कृष्ण प्रतियोगिता में युवान राठौर प्रथम, आर्यांश उइके द्वितीय और भारतेंदु राजपूत तृतीय रहे. राधा प्रतियोगिता में पूर्वी प्रजापत प्रथम, कायरा सदानी द्वितीय और आराध्या तिवारी तृतीय रहीं.

## एक नजर में



### लोहारिया फोरलेन के पास डेरे से 30 भेड़ें चोरी

**इटारसी.** लोहारिया फोरलेन के पास खेत में बने डेरे से 30 भेड़ें चोरी होने का मामला सामने आया है. राजस्थान के जालौर जिले से आए चरवाहों के डेरे से हुई इस वारदात के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया. चरवाहों के पास करीब 200 भेड़ें थीं. चोरी गई भेड़ों की अनुमानित कीमत 3 से 3 .60 लाख रुपए बताई जा रही है. चरवाहे नवराम ने बताया कि वह अपने मामा जगदीश और अन्य साथियों के साथ हर साल भेड़ों को चराने के लिए क्षेत्र में आते हैं. 3 सितंबर को उन्होंने आर्डिनेंस फैक्ट्री नंबर-16 के पास से डेरा हटाकर लोहारिया फोरलेन के समीप लगाया था. 4 सितंबर की सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच जब उन्होंने भेड़ों को देखा तो 30 भेड़ें गायब मिलीं. चरवाहों ने आसपास तलाश की, लेकिन भेड़ों का पता नहीं चला. धान के खेत के पास कीचड़ में पैरों के निशान और वाहन के टायरों के निशान मिले हैं.

### इटारसी में सर्वाधिक 22 .2 मिमी बारिश, अलर्ट

**इटारसी.** जिले में शनिवार को बारिश का दौर जारी रहा. इटारसी में सर्वाधिक 22 .2 मिमी बारिश दर्ज की गई. लगातार बारिश और ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों से आवक बढ़ने के कारण बांधों का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है. बरगी बांध के 13 गेट खोलकर 399 क्यूमेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा है. वहीं तवा बांध अभी जुलाई माह के लक्ष्य से करीब ढाई फीट दूर है. बरगी जलाशय का जलस्तर 422 .05 मीटर पहुंच गया है, जबकि अधिकतम स्तर 422 .6 मीटर है. पानी की लगातार आवक को देखते हुए 13 गेट 1 .96 मीटर तक खोले गए हैं. इससे नर्मदा के जलस्तर पर असर पड़ सकता है. सेठानी घाट का जलस्तर फिलहाल 942 .20 फीट है, जबकि खतरे का निशान 96 फीट है. तवा बांध का जलस्तर 1155 .60 फीट पहुंच गया है. इसकी अधिकतम भराव क्षमता 1166 फीट है. बारना जलाशय का जलस्तर 346 .91 मीटर दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम स्तर 348 .55 मीटर है. दोनों बांधों पर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग नजर रखे हुए है.

# गुरुजनों के सम्मान में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

## पं. रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ गरिमामय आयोजन



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 5 सितंबर. पं. रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को गरिमामय समारोह आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि नर्मदापुरम एसडीओपी जितेंद्र सुधाकर पाठक सहित विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ. शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से किया गया.**

विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, हिंदी-अंग्रेजी भाषण, शिक्षक दिवस गीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. एकलव्य-द्रोणाचार्य तथा चाणक्य-चंद्रगुप्त मौर्य पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं ने विशेष आकर्षण बटोरा. विद्यालय के प्राचार्यों ने अतिथियों का स्वागत किया. मुख्य अतिथि जितेंद्र सुधाकर पाठक का स्वागत सुधीर कुमार मिश्रा और सुनील कुमार चंसोरिया ने किया. विशेष अतिथि अजीत कुमार यादव का स्वागत निशा चौबे ने किया. पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं. भवानी शंकर शर्मा और पूर्व विधायक पं. गिरजा शंकर शर्मा का भी स्वागत किया गया.

विद्यालय प्रबंधक अरुण शर्मा ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया. समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए. उत्कृष्ट उपस्थिति के लिए शिक्षकों को 'उत्कृष्ट उपस्थिति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया. प्राचार्यों और शिक्षकों को उपहार भेंट कर उनके योगदान के प्रति आभार जताया गया.

मुख्य अतिथि पाठक ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण भी करते हैं. कार्यक्रम का समापन हेड बॉय और हेड गर्ल के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ. विद्यार्थियों और शिक्षकों के उत्साह से विद्यालय परिसर उल्लासमय रहा.



# आंगनबाड़ी केंद्रों में हर्षोल्लास से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 5 सितंबर. महिला एवं बाल विकास विभाग की इटारसी परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया. इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चे रहे. बच्चों ने उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया. कार्यकर्ताओं ने उन्हें सरल भाषा में बताया कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है. साथ ही श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, मित्रता, सत्य, कर्म और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने की जानकारी दी गई.

समग्र विकास में सहायक

विभाग के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में त्योहार आधारित आयोजन बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इनसे बच्चों की भाषा, अभिव्यक्ति, सामाजिक व्यवहार, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास होता है. सामूहिक गतिविधियों से उनमें सहयोग और अनुशासन की भावना भी मजबूत होती है. साथ ही बचपन से ही बच्चे भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ते हैं.

आयोजन को सफल बनाने में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सहभागिता की. पर्यवेक्षक अर्चना बस्तवार, रेखा चौरे, मीना गाठले, दीप्ति शुक्ला और राखी मौर्य भी उपस्थित रहीं.

### जिले में 7 .2 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**हरदा.** जिले में गत चौबीस घंटों में 7.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 4.1 मि.मी., टिमरनी में 3..2 मि.मी., खिरकिया में 6.6 मि.मी., सिराली में 17.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 5.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई. इस वर्ष अब तक जिले में 660 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है. हरदा तहसील में 677.7 मि.मी., टिमरनी में 701.2 मि.मी. दर्ज की गई.

# नर्मदापुरम् में 724 .8 मिमी औसत वर्षा

नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 5 सितंबर. जिले में 1 जून से शनिवार सुबह 8 बजे तक जिले में 724.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1223.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी.**

तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 4 सितम्बर से 05 सितम्बर को प्रात: 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 17.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 11.0 मिलीमीटर, इटारसी 22.2 मिलीमीटर, माखननगर में 10.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 8.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 12.4 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 9.8 मिलीमीटर, पचमढी में 16.0 एवं तहसील डोलरिया 10.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 942.20 फीट है, तवा जलाशय का 1155.60 फीट है, बरगी जलाशय का 422.05 मीटर एवं बारना जलाशय 346.91 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

सेवाभाव | छात्राओं को ड्रेस, बुजुर्गों व बालिकाओं को भोजन और जरूरतमंदों की मदद

# मिहानी की स्मृतियों को सेवा का आकार

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 5 सितंबर. पूर्व पार्षद एवं पूज्य सिंधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष स्व. धर्मदास मिहानी का जन्म स्मृति दिवस 4 सितंबर को मिहानी परिवार ने सेवा दिवस के रूप में मनाया. इस अवसर पर परिवार ने शिक्षा, अन्नदान, बुजुर्ग सेवा, बालिका गृह और गौ-सेवा सहित विभिन्न सामाजिक कार्य किए. परिवार का उद्देश्य स्व. मिहानी की सेवा भावना और परोपकार की परंपरा को आगे बढ़ाना रहा.**



वार्ड क्रमांक 30 स्थित गर्ल्स स्कूल में उनकी धर्मपत्नी आशा मिहानी एवं परिवार द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को स्कूल ड्रेस वितरित की गई. छात्राओं ने स्व. मिहानी को श्रद्धांजलि अर्पित की. परिवार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग उनकी स्मृतियों को सच्ची श्रद्धांजलि है.

स्थानीय वृद्धाश्रम में 25 बुजुर्गों को भोजन कराया गया. वहीं मुस्कान संस्था के बालिका गृह में 35 बच्चियों को भोजन के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री प्रदान की गई. इसके अलावा खाटू श्याम सामुदायिक रसोई की भोजन व्यवस्था में सहयोग किया गया. गौशाला में गौ-माता को गुड़ और रोटी खिलाकर आर्थिक सहयोग भी दिया गया.

### दिनभर चलता रहा सेवा कार्य

सुबह धर्मदास मिहानी मित्र मंडल ने पुराने फल बाजार में जरूरतमंदों को पोहा वितरित किया. दोपहर में सिंधी व्यापार महासंघ ने सिविल अस्पताल में मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ ताजे फल बांटे. शाम को बढ़ते कदम संस्था के सहयोग से पुराने फल बाजार में साबूदाना खिचड़ी वितरित की गई. राह चलते जरूरतमंदों को भी भोजन कराया गया.

### साकेत में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**इटारसी.** शासकीय हाई स्कूल साकेत में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान विद्यालय के साथ समीपस्थ शासकीय प्राथमिक विद्यालय बम्हन गांव खुर्द के शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया. शिक्षकों की समाज एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई. ग्राम सरपंच मृदुलता पटेल, विधायक प्रतिनिधि घनश्याम पटेल, कुलदीप पटेल और मंडी अध्यक्ष गोकुल पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके बाद सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाल एवं श्रीफल भेंट किया.

# समाजसेवियों ने किया शिक्षकों का सम्मान

## पांच वर्षों से युवाओं की सम्मान पहल

नवभारत न्यूज

**सिराली, 5 सितंबर. शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को सिराली के तीन स्कूलों में युवा समाजसेवियों ने शिक्षकों का भव्य सम्मान किया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक और सन साइन स्कूल में आयोजित कार्यक्रमों में करीब 5 शिक्षकों को सम्मानित किया गया. युवाओं द्वारा पिछले पांच वर्षों से शिक्षक दिवस पर यह पहल लगातार की जा रही है.**



कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ. छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा के महत्व को प्रस्तुत किया. युवा समाजसेवी अजय मंडलेकर ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक ज्ञान का सागर होते हैं. शिक्षा और गुरु का मार्गदर्शन राष्ट्र निर्माण तथा बेहतर समाज की नींव है.

वरिष्ठ समाजसेवी उमेश पाटील ने कहा कि शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है. उन्होंने अपना जीवन शिक्षा और समाजसेवा को समर्पित किया. युवा कार्यकर्ता जितेंद्र चौरे ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाने और उसकी पहचान बनाने का माध्यम है. स्कूलों के प्राचार्यों, संचालक और शिक्षकों का सम्मान किया गया.